Chapter - 9

पेजमेकर 7.0 में न्यूज़ पेपर की पेज फोर्मेटिंग कैसे करें

News Paper क्या हैं ?

लोंगो के लिए आज के समय में समाचार पत्र दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बन गया हैं क्योकिं देश विदेश से सम्बंधित सारी जानकारी हमें समाचार पत्र में एक ही जगह पर मिल जाती हैं चाहे वह खेल से सम्बंधित हो या राजनीति से| समाचार पत्र पूरे संसार भर की खबरों का संग्रह होता है, जो हमें विश्‍व में होने वाली सभी घटनाओं के बारे में जानकारी देता है।

पेजमेकर 7.0 में न्यूज़ पेपर की पेज फोर्मेटिंग कैसे करें

समाचार पत्र का आकार बडा होता हैं, इसलिये उसमें सामान्य पेज लेआउट का प्रयोग नही किया जाता हैं। यद्यपी समाचार पत्र का आकार निश्‍चित नही हैं, क्योकि कई प्रकार के समाचार पत्र आते हैं जैसे दैनिक भास्कर, नई दुनिया, पत्रिका, टाइम्स, जागरण आदि फिर भी वह A4 आकार के पेपर से बडा होता हैं।

यहॉ आकार से ताप्पर्य एक पेज के आकार से हैं। अलग अलग देशो मे समाचार पत्र का आकार अलग अलग होता हैं। एक पेज में आठ कॉलम होते हैं। प्रत्येक कॉलम की चौडाई 4 सेन्टीमीटर होती हैं, तथा दो कॉलम के बीच में 5 मिलीमीटर की जगह छोडी जाती हैं। न्यूजपेपर में पेज लेआउट मे सामान्यत: ऊपर की ओर मुख्य या महत्वपूर्ण खबर रखी जाती हैं, उसे lead कहा जाता हैं। कम महत्वपूर्ण खबरों को नीचे की ओर रखा जाता हैं। समाचार पत्र को सामान्यत: बीच में मोडा जाता हैं, डिजाइनर यह कोशिश करता हैं की, मुडे हुए हिस्से में कोई टेक्स्ट ना आये। running text को एक से अधिक कॉलम में रखा जाता हैं, डाटा के अनुसार किसी कॉलम की चौडाई बढाई जाती हैं। मुख्य हेडिंग का आकार सबसे बडा रखा जाता हैं, तथा हेडिंग के आकार का दूसरा टेक्स्ट उस पेज में नही रखा जाता हैं। फोटो या ग्राफिक्स का आकार, टेक्स्ट के अनुसार सेट किया जाता हैं।

प्रत्येक राष्ट्रीय न्यूज पेपर की अपनी स्टाइल गाइड (Style Guides) होती हैं, जो उस न्यूजपेपर को अन्य राष्ट्रीय न्यूज़पेपर से अलग बनाती हैं। किसी स्थानीय समाचार पत्र मे स्थानीय समाचार को अधिक महत्वपूर्ण तरीके से दर्शाया जाता हैं।

किसी भी बडे या मध्यम समाचार पत्र में उच्च गुणवत्ता के पूर्वनिर्मित टेम्पलेट्स का प्रयोग किया जाता हैं। इन टेम्पलेट के प्रयोग से कार्य को दोहराने की जरूरत नहीं पडती हैं।टेम्पलेट में समाचार पत्र का लेआउट, कॉलम का आकार, हेडलाइन में कौन सा टाइफेस उपयोग होना है, एक विशिष्ट हेडलाइन में कितने शब्द रखना हैं, विभिन्न रंग संयोजन आदि पुर्वनिर्धारित होते हैं।

News Paper Setting

समाचार पत्र की सेटिंग करने के लिए DTP प्रोग्राम पेजेस पर लेआउट का खाका बनाया जाता हैं। इसमें अलग अलग कॉलम की एक ग्रिड बना कर पेज का लेआउट निश्चित किया जाता हैं। एक हेडिंग की चौड़ाई एक कॉलम से अधिक हो सकती हैं, मुख्य हेडिंग सभी कॉलम के चौडाई के समान भी हो सकती हैं। कोई तस्वीर एक से अधिक कॉलम मे सेट कि जा सकती हैं। बॉडी टेक्स्ट के लिए 9 या 10 पाइंट टाइप का उपयोग किया जाता हैं। हेडलाइन और सब-हेडिंग का आकार बडा होता हैं। चित्रों और कैप्शन के लिए रिक्त स्थान छोडी जाती हैं। कोई भी न्यूजपेपर का लेआउट बनाने से पहले अन्य प्रचलित समाचार पत्रों को लेआउट जांच लेना चाहिए। न्यूज़पेपर की डिजाइन मे निम्न विशेषताओं का उपयोग किया जाता हैं। बॉर्डर, रूल्स (टेक्स्ट और ग्राफिक्स को विभाजित करते हुए सीधी लाइनें) कलर का प्रयोग, हेडर बोल्ड या बडे आकार में टेक्स्ट, हेडलाइन और टाइपफेस आदि। लेआउट में टेक्स्ट को सेट करने के लिए ग्राफिक्स या इमेज की सहायता ली जा सकती हैं सभी फारमेंटीग पूर्ण होने के बाद उसका draft आउटपुट निकाल कर चेक किया जाता हैं। आवश्यक सुधार के बाद उसे व्यवसायिक प्रिन्टर पर भेजा जाता हैं।